Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding opening of an Assamese department in Assam University and Vishwa Bharati University.

श्री अब्दुल खालेक (बारपेटा): अध्यक्ष महोदय, सदन के पटल पर दी गई सूचना के अनुसार देश के तीन केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में असमिया विभाग है । स्पेशली असमी लोग अपनी भाषा को लेकर बहुत सेंसेटिव हैं । सूचना के अनुसार विश्व-भारती में असमिया विभाग है । विश्व-भारती में जो असमिया विभाग है, वह गत 40 सालों से सिर्फ एक ही फैकल्टी से चल रहा है । असम के मुख्य मंत्री जी ने भी केन्द्र सरकार को खत लिखा है और मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने भी विश्व-भारती के केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को खत लिखा है, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ । असम एकॉर्ड के अनुसार असम यूनिवर्सिटी है, उनके मैन कैम्पस सिल्चर में भी असमिया विभाग नहीं है । मैं सरकार से अनुरोध करूँगा कि उस कैम्पस में भी असमिया विभाग शुरू हो । विश्व-भारती में भी फुलफ्लैज्ड असमिया विभाग शुरू हो, इस अनुरोध के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ ।